





खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़े।

# हर तरफ मुश्किल, खतरनाक और खिजाने वाले हालात

## शहर के कई मोहल्लों में कई दिनों से घुटनों तक भरा है पानी, लोगों का घर से निकलना मुश्किल, बिजली-पानी की सप्लाई भी ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारिश शुरू होते ही शहर का हुलिया बदल गया है। नगर निगम के तमाम दावे भी बेनकाब हो गए हैं। कई मोहल्लों में भारी जलभराव के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे निजात दिलाने के लिए करोड़ों खर्च कर लगाए गए पंप भी काम नहीं आ रहे है। नालों की सफाई न होना सबसे ज्यादा भारी पड़ रहा है। निचले इलाकों में भी कई दिन से पानी भरा होने के कारण लोग घर से निकल नहीं पा रहे है।

रविवार और सोमवार को हुई तेज बारिश के बाद गलियों और सड़कों के साथ हाईवे तक पर पानी भरा हुआ है। लगातार बारिश होने के कारण पानी कम नहीं हो पा रहा है और लोग इसकी वजह से कई दिन से परेशानी जेल रहे हैं। शहर के पॉश इलाके रामपुर बाग में भी लगातार जलभराव बना हुआ है। पशुपतिनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर कई दुकानों और शोरूम में पानी घुस गया है। हजियापुर खजुर वाली मस्जिद रोड पर घुटने भर पानी भरने के कारण लोग तीन दिन से घरों में कैद हैं। जरूरत का सामान लेने के लिए उन्हें घुटनों तक पानी में होकर गुजरना रहा है। चक महमूद, सकलैन नगर, जोगी नवादा, राजीवनगर, सुभाषनगर के कई इलाकों में भी घरों तक में पानी घुस गया है। जोगी नवादा में कई दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। सूफी टोला में भी सोमवार को करीब चार घंटे तक पानी भरा रहा। नाला जाम होने के कारण यहां जलभराव हो गया था।


रविवार रात मूसलाधार बारिश की वजह से हजियापुर में खजूर वाली मस्जिद के पास भीषण जलभराव हो गया। ● अमृत विचार



### मुश्किल...बाइक चल नहीं रहीं, कार भी बेकार

हजियापुर में भीषण जलभराव की वजह से बाइक और कार भी किसी काम की नहीं रह गई हैं। लोगों को पैदल ही घर से निकलना पड़ रहा है।


जोगीनवादा में तीन दिन से जलभराव की वजह से नहीं खुल पा रही हैं दुकानें। ● अमृत विचार


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज रोड भी जलमग्न हो गई। ● अमृत विचार


चकमहमूद सकलैन नगर में घरों के अंदर तक घुसा पानी। ● अमृत विचार

# यहां दांव पर ही रहती है जिंदगी... चूके तो जान गवां बैठे अमर सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पाल कॉलोनी के आसपास बारिश में रोज खतरों से दो-चार होते हैं लोग
- अक्सर होते हैं हादसे, तमाम शिकायतों के बाद भी नहीं बन पाई सड़क

**अमृत विचार :** वैसे तो सुभाषनगर में कई इलाके बारिश में काफी खतरनाक हो जाते हैं लेकिन पाल कॉलोनी के पास जहां रास्ते के करीब पानी भरे गड्ढे में डूबकर नगर निगम के कर्मचारी अमर सिंह की मौत हुई, वहां लोगों को बारिश के मौसम में जलभराव रहने से रोज जोखिम उठाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद न कभी रेलवे ने ध्यान दिया, न नगर निगम ने। जनप्रतिनिधियों ने भी नहीं सुनी।

पाल कॉलोनी रेलवे लाइन के पश्चिम की ओर है। यहीं से एक रास्ता सुभाषनगर पुलिया और गन्ना मिल की ओर जाता है जिस पर अक्सर जलभराव रहता है। इस रास्ते पर गुजरते वक्त लोग हमेशा खतरा महसूस करते हैं लेकिन काफी शिकायतों के बाद भी समस्या का कोई निदान नहीं हो पाया। एक बार इस रास्ते पर सड़क का निर्माण मंजूर हो गया था। करीब सौ मीटर तक निर्माण हो भी गया था लेकिन इज्जतनगर रेल मंडल से अनुमति न मिलने पर उसे तोड़ दिया गया। उस वक्त अगर जनप्रतिनिधि दिलचस्पी दिखाते तो रेलवे से अनुमति मिल जाती और इस इलाके की हजारों की आबादी की बड़ी समस्या हल हो जाती।

इलाके के लोगों का कहना है कि यहां रात को अक्सर हादसे होते रहते हैं। कई बार लोग गिर चुके हैं लेकिन संयोग रहा कि आसपास कोई न कोई मौजूद था और उन्हें निकाल लिया गया। लोगों का यह भी कहना है कि जलभराव के साथ भीषण गंदगी रहने से भारी दिक्कत होती है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।


सुभाषनगर में पाल कॉलोनी के पास इसी जगह डूबने से हुई अमर सिंह की मौत। ● अमृत विचार

# आफत : एक दिन में 141.1 मिमी बारिश से बना जुलाई का नया रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रदेश में सोमवार को सर्वाधिक बरसात बरेली में, बहेड़ी 460 मिमी बारिश से जिले में सबसे आगे

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को सबसे ज्यादा 141.1 मिलीमीटर बारिश बरेली में रिकॉर्ड की गई। इससे जुलाई में एक दिन में सर्वाधिक बारिश का भी रिकार्ड टूट गया। दोपहर बाद धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी हल्की बारिश और फिर 10 से 12 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान जताया है।

जिले में सोमवार को सबसे ज्यादा बहेड़ी में 460 मिमी, मीरगंज में 150 और नवाबगंज में 140 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.9 कम 29.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री कम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इसके बाद 10 से 12 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 से 29 और न्यूनतम 24 से 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

### जून और जुलाई के पहले सप्ताह में औसत से तीन गुना बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक पहली जून से 8 जुलाई तक सामान्य बारिश 152.9 मिमी होती है लेकिन इस बार इतने दिनों में 506.6 मिमी बारिश हो चुकी है। इसमें 8 जुलाई को 10.2 मिमी बारिश का औसत है लेकिन 141.1 मिमी बारिश हुई। जुलाई में अब तक एक दिन में सबसे अधिक बारिश 1 जुलाई 2011 को 197.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। इसके अलावा 9 जुलाई 2006 को 182.2 मिमी, 15 जुलाई 1974 को 173.2 मिमी, 30 जुलाई 1961 को 162.4 मिमी और 10 जुलाई 1997 को 152.5 मिमी बारिश रिकार्ड की गई।

# बाढ़ की आशंका, किच्छा नदी से सटे 32 गांवों की निगरानी के लिए लेखपालों को दी जिम्मेदारी

**बरेली, अमृत विचार :** बाढ़ की आशंका को देखते हुए एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने सोमवार को किच्छा नदी समेत कई गांवों में निरीक्षण किया। उन्होंने 32 गांवों के कोटेदारों और प्रधानों के साथ बैठक कर लोगों को अलर्ट रखने की अपील की गई। इन गांवों में लेखपालों को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के आदेश पर एसडीएम बहेड़ी ने सोमवार को उत्तराखंड की सीमा पर स्थित नारायण नगला, श्यामाचरण गौटिया, मुड़िया मुकर्रमपुर आदि गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान एई बाढ़ खंड अमित किशोर, जेई राजीव, आनंद, बीडीओ बहेड़ी मौजूद रहे। एसडीएम ने प्रधानों और कोटेदारों के साथ बैठक में कहा कि अगर लोगों के खेत तटबंध नदी के किनारे हैं तो दूरी उचित बनाए रखें। समस्या होने पर तत्काल प्रशासन की मदद लें। एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नदी के तटों को सुरक्षित रखने के लिए जियो बैग लगाए गए हैं। किच्छा नदी के किनारे बसे मुड़िया मुकर्रमपुर, भिखारीपुर, रिछोली, बसेंगा, मठ खिरिया, लक्ष्मीपुर, सिमरा, रजपुरा, श्यामाचरण गौटिया, नरायन नगला, टियूली, भीकमपुर, इटौआ धुरा, बकौली, धामीपुर, राजू नगला, डंडिया, नवायल, जाम अनंतरामपुर, पनवड़िया, वरगंवा, अंबरपुर, कंचनपुर, भूला नवीपुर, भकावा, कैशोपुर, गुलड़िया, कस्वापुर आदि गांवों में लेखपालों की ड्यूटी लगा दी गई है।


किच्छा नदी का निरीक्षण करतीं एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

### रामगंगा का जलस्तर घटने से कुछ राहत

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में लगातार बारिश के बाद भी रामगंगा नदी का जलस्तर कुछ कम हो गया है। सोमवार को जलस्तर 159.500 से घट कर 159.300 हो गया। बाढ़ खंड के अधिकारियों का कहना है कि रामगंगा में मिलने वाली कोसी ओर खो नदी में पानी नहीं छोड़े जाने की वजह से जलस्तर कम हुआ है। बाढ़ खंड के सहायक अभियंता अमित किशोर ने बताया कि जलस्तर घटने के बावजूद लगातार निगरानी की जा रही है। तटीय क्षेत्रों में बनी बाढ़ चौकियां पूरी तरह से सतर्क हैं। मुख्य रूप से रामगंगा को प्रभावित करने वाली प्रमुख नदियों में पानी छोड़े जाने से बाढ़ का खतरा अधिक है। सभी तटीय क्षेत्रों में लोगों को बाढ़ सुरक्षा को लेकर विभागीय टीमें जागरूक की जा रही हैं।

### आज बंद रहेंगे कक्षा एक से आठ तक के स्कूल

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश की वजह से मंगलवार को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों में अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने सोमवार को इसका आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक परिषदीय, सीबीएसई, सहित सभी बोर्ड के मान्यता प्राप्त और सहायता प्राप्त स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को देखते मंगलवार का अवकाश घोषित किया गया है। सोमवार को भी बारिश की वजह से अवकाश किया गया था।

### अपील: दामिनी और सचेत एप डाउनलोड करें

**बरेली, अमृत विचार :** भारी बारिश के बीच बिजली गिरने से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने लोगों से दामिनी और सचेत एप डाउनलोड करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश से जन, धन और पशुहानि की आशंकाएं रहती हैं, इससे बचने के लिए दामिनी और सचेत एप उपयोगी है। गूगल प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। अगर बिजली गिरने की आशंका होगी तो यह एप लोगों को सचेत कर देगा। मोबाइल पर अलर्ट का मेसेज आ जाएगा।

# चोक नाले खोलें ताकि घरों में न घुसे बारिश का पानी


कैंप ऑफिस में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने ली ऑनलाइन बैठक।

- जिलाधिकारी ने ऑनलाइन बैठक में अधिकारियों को कब्जे हटाने के भी दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने ऑनलाइन बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश में जलभराव की समस्या दूर की जाए। घरों तक पानी न घुसे इसके लिए चोक ड्रेनेज को खोला जाए। उन्होंने बाढ़ की संभावना को देखते हुए अधिकारियों को नाव और गोताखोरों की सूची बनाकर भी रखने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध कब्जों की वजह से अगर कहीं जलभराव की समस्या हो रही है तो कब्जा हटाया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश में बचाव कार्य के लिए इमरजेंसी टार्च, रेनकोट, रस्सा, गल्ब्स, गमबूट की व्यवस्था तहसीलों के स्टोर इंचार्ज और प्रधान के पास भी हो। बारिश की वजह से जो भी कच्चे घर गिर गए हैं, उसमें पीड़ितों को शरणालय भेजकर मुआवजा दिलाया जाए। अगर कहीं भी सरकारी और प्राइवेट स्कूल खुलते हैं और बच्चों को दिक्कत होती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ को एंटी स्नेक वेनम आदि दवाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए।

## सरकारी इमारतों का हाल खराब

# आरटीओ और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक में पानी भरने से काफी देर तक ठप रहा कामकाज



**बरेली, अमृत विचार :** लगातार बारिश से नकटिया में आरटीओ और परसाखेड़ा में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक में पानी भर गया। आरटीओ में अधिकारियों के कार्यालय तक पानी भरने से आवेदन नहीं पहुंच सके। इसके अलावा ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर दोपहर तक टेस्ट नहीं हो सके। रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक हुई बारिश की वजह से आरटीओ में जलभराव हो गया। अधिकारियों के कार्यालय के बाहर पानी जमा हो गया। इसकी वजह से दोपहर तक काम प्रभावित रहा। अधिकारियों के निर्देश पर पानी निकलवाने की व्यवस्था की गई तो दोपहर बाद पानी कम हुआ। वहीं परसाखेड़ा स्थित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर भी पानी भरने की वजह से सुबह टेस्ट नहीं हो सके।

### जिला अस्पताल में तो वार्डों की छतों से भी टपक रहा पानी



**बरेली, अमृत विचार :** लगातार बारिश होने से जिला अस्पताल में जर्जर वार्डों की छत टपकने लगी है। ओपीडी, पर्चा काउंटर और पैथोलॉजी, इमरजेंसी समेत कई वार्डों के बाहर जलभराव हो गया है। सोमवार को मरीजों को डॉक्टरों के कक्ष तक पहुंचने में परेशानी से जूझना पड़ा। सोमवार को बारिश के चलते मरीजों की संख्या कम रही। जलभराव की वजह से काउंटर पर मरीजों को पर्चा बनाने में परेशानी हुई। ओपीडी में कुल 794 मरीज पहुंचे। इनमें सबसे अधिक रोगी बुखार और त्वचा संबंधी मिले।

## गुणवत्ता पर उठते रहे सवाल... दो साल में तीन बार बनाई गई थी ये सड़क, फिर भी यह हाल

चौपुला से किला तक यह सड़क सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई थी और फिर अक्टूबर 2021 में जल निगम ने इसका निर्माण कराया था। इस सड़क की कहानी सरकारी महकमों के कामकाज की मिसाल बन गई है। निर्माण के दौरान जल निगम के एई ने इसमें कोलतार की जगह काला तेल इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए ठेकेदार को काम करने से रोक दिया लेकिन एक्सईएन ने फिर काम शुरू करा दिया। सप्ताह भर बाद ही सड़क उधड़ गई तो मेयर ने मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद एक बार फिर नए सिरे से सड़क का निर्माण हुआ। सड़क फिर भी नहीं चली तो कुछ महीने बाद फिर निर्माण किया गया। बारिश में पानी में डूब जाने वाले इसके हिस्से पर सीसी रोड भी बनवा दी गई लेकिन अब फिर इसका यह हाल हो गया है। ● मोहित कुमार सिंह





**चलना मुश्किल :** किला रोड पर कहीं गहरे गड्ढे हैं, कहीं बजरी बिखरी हुई है तो कहीं पानी भर गया है।





## सार-संक्षेप

### त्रिवटीनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक, गूंजे जयकारे



**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी समिति ने सोमवार से जलाभिषेक कार्यक्रम शुरू कर दिया है। सुबह शहामतगंज स्थित सेठ गिरधारी लाल मंदिर में समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर त्रिवटीनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। सेठ गिरधारी लाल मंदिर से समिति की अगुवाई में श्रद्धालु साथ हर हर महादेव के जयकारों के साथ गंगापुर चौराहा, मूर्ति नर्सिंग होम, मैकेनियर रोड, सूद धर्मकांटा होते हुए त्रिवटीनाथ मंदिर पहुंचे। इस दौरान जगह जगह लोगों ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पं. आशुतोष शर्मा ने मंदिर में रूद्राभिषेक संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में आरती कर शिव का गुणगान किया। समिति के अध्यक्ष ब्रजवासी लाल अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, योगेश, पंकज देवल, मनोज देवल आदि मौजूद रहे।

### बारिश : अप्रेंटिस मेले में 140 में सिर्फ 54 अभ्यर्थी पहुंचे



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीबीगंज में सोमवार को एक दिवसीय प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेले का आयोजन हुआ। बारिश की वजह से मेले में 140 में 54 अभ्यर्थी ही पहुंचे। मेले में टाटा मोटर्स पंतनगर और बरेली की कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 21 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस बार अप्रेंटिसशिप का न्यूनतम मानदेय सात हजार से 18 हजार तक बताया जा रहा है। नोडल प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, मेला प्रभारी टीकम शरण, पवन, विशाल अवस्थी, मुनेंद, दीपक, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर स्कूल की वार्षिक पत्रिका का विमोचन



**बरेली,अमृत विचार :** कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में सोमवार को 38 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय की वार्षिक पत्रिका स्पेक्ट्रम का विमोचन किया गया। मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। डॉ. सरिता सिरोही, डॉ. मोनिका शाही, विजया सतीश, अर्चना पटनायक आदि मौजूद रहे।

### पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब बरेली मरकरी ने सोमवार को शहर में कई स्थानों पर 20 फलदार पौधे रोपे और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली। क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से अधिक से अधिक पौधे रोपने का आह्वान किया है। प्रेसिडेंट रचना सक्सेना ,सेक्रेटरी अनीता गोयल, आईएसओ हेमा शर्मा, निधि, राखी आदि मौजूद रहीं।

### अधिकारों के बारे में महिलाओं को दी जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगापुरम में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बालिकाओं से कहा गया है कि अगर कोई उन्हें दिक्कत हो तो खुलकर अपनी बात रखें। वहीं, मातृत्व लाभ योजना के तहत एएनएम, आशाओं और महिलाओं को अहम जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की योजनाओं और हेल्प लाइन के बारे में भी बताया गया। एमओआईसी डॉ.सहसवान अली, वन स्टाप सेंटर से कंचन, एएनएम, आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों ने कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने और अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने की मांग करते हुए आंवला सांसद नीरज मौर्य को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा और सचिव हरीश मौर्य ने कहा कि वह लंबे समय से अपनी मांगों के लिए विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वह अगले महीने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से दिल्ली में जाकर मुलाकात कर मांगे लोकसभा में उठाने का निवेदन करेंगे। सांसद से मुलाकात दौरान सपा के प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला उर्फ मोंटी ने भी दोनों मांगों को जायज बताया। इस दौरान आलोक मिश्र, रामपाल, ब्रजेश श्रीवास्तव, मोहित भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

### जर्जर स्कूलों के संबंध में बीएसए ने मांगा ब्योरा

**बरेली, अमृत विचार :** बीएसए ने जिले में जर्जर स्कूलों के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारियों से जानकारी मांगी है। बारिश के मौसम में जर्जर परिषदीय स्कूलों का हाल बेहाल है। कुछ दिन पहले हरुनगला उच्च प्राथमिक विद्यालय के जर्जर कक्ष की छत गिर गई थी। जिले में करीब 100 ऐसे विद्यालय हैं, जिनके भवन जर्जर स्थिति में हैं। इन्हें अभी तक ध्वस्त नहीं किया गया है। अमृत विचार ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। उन्होंने चिह्नित भवनों की तकनीकी जांच, मूल्यांकन और नीलामी के संबंध में सूचना मांगी है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# स्टेडियम और ट्रैक पर भरा पानी, अभ्यास नहीं कर पा रहे खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जलनिकासी का इंतजाम नहीं, अफसर भी बेपरवाह**

**अमृत विचार :** जलनिकासी न होने के कारण स्पोर्ट्स स्टेडियम और साई स्टेडियम परिसर और ट्रैक पर जलभराव हो गया है। इस वजह से खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित हो रहा है। खिलाड़ी मैदान सूखने का इंतजार कर रहे हैं। अफसर समस्या के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

लगातार बारिश और जलनिकासी न होने की वजह से स्पोर्ट्स स्टेडियम में बॉक्सिंग रिंग और लॉन टेनिस कोर्ट में पानी भर गया है। स्टेडियम की जर्जर दीवारों से पानी टपक रहा है। साई स्टेडियम के सेपक टाकरा कोर्ट में भी जलभराव है। गोला और भाला फेंक ट्रैक के आसपास पानी भरने के साथ बड़ी-बड़ी घास उग आई है। यहां जलनिकासी का कोई इंतजाम नहीं है।



लगातार बारिश के कारण स्पोर्ट्स स्टेडियम में लॉन टेनिस के कोर्ट में जलभराव। ● अमृत विचार



स्टेडियम में पानी भरने के कारण अभ्यास करने में समस्या आ रही है। मैदान सूखने के बाद ही अभ्यास शुरू कर पाएंगे। **रोहित, खिलाड़ी,** साई स्टेडियम



जल निकासी की व्यवस्था न होने से सेपकटाकरा कोर्ट में पानी भर गया है। इस वजह से अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। **बॉबी**, खिलाड़ी



सेपकटाकरा कोर्ट के आसपास बड़ी-बड़ी घास उग आई है। इस वजह से सांप और जहरीले कीड़ों का खतरा बना हुआ है। **जय हिंद**, खिलाड़ी



बारिश के चलते अभ्यास में रुकावट आ रही थी, धूप निकली तो स्टेडियम में अभ्यास करने गए, मगर जलभराव के कारण बिना अभ्यास किए लौट आए। **प्रिंस गिरी**, खिलाड़ी



स्पोर्ट्स स्टेडियम में जर्जर छत से रिस रहा है पानी। ● अमृत विचार



साई स्टेडियम में भाला फेंक ट्रैक के आसपास उग आई घास।



स्पोर्ट्स स्टेडियम के बॉक्सिंग रिंग में भरा पानी। ● अमृत विचार

# स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में गरजे शिक्षक

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की अगुवाई में तमाम शिक्षकों ने लोहिया पार्क में एकजुट होकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की अगुवाई में विभिन्न संगठनों से जुड़े शिक्षकों ने सोमवार को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षक सिविल लाइंस स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क में एकत्र हुए और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि छात्र उपस्थिति, एमडीएम पंजिका के साथ शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से दिया गया है, जो शिक्षक हित में नहीं है। शिक्षकों ने बताया कि विभाग ने मानसिक उत्पीड़न की मंशा से 15 की जगह आठ जुलाई से ही ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश लागू कर दिया है।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश गंगवार, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमारी, टीएससीटी के अनुजवीर गंगवार, शिक्षा मित्र संघ के कुमुद केशव पांडेय, राजेश मिश्रा, सुनील शर्मा, केपी सिंह, केसी पटेल, मानवेंद्र यादव, तेजपाल मौर्य, हरीश बाबू, अंकित राज, लखमी चंद्र अहेरिया, अरविंद चौहान, आशीष शर्मा, गौरव पाठक, मनोज गंगवार, रूप किशोर, परीक्षित गंगवार, रीटा बत्रा, वंदना पांडेय, शिखा अग्रवाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।



ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते परिषदीय स्कूलों के शिक्षक। ● अमृत विचार

- **शिक्षक नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा**

### बेसिक शिक्षकों को भी दी जाए हाफ डे लीव

ज्ञापन के जरिये शिक्षकों ने अन्य विभागों की तरह आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में बेसिक शिक्षकों को भी हाफ डे लीव प्रदान करने की मांग की। कहा कि राज्य कर्मचारियों की तरह 30 ईएल, महाविद्यालय के शिक्षकों की तरह प्रीविलेज अवकाश (पीएल), अवकाश के दिनों में कार्य करने पर देय प्रतिकर अवकाश का विकल्प मानव क्षमता पोर्टल पर दिया जाए। एक ही समय में अधिक लोड से सर्वर क्रैश होने की वैकल्पिक व्यवस्था का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी हो और बेसिक शिक्षा में ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था अन्य विभागों की तरह ही पारदर्शी तरीके से लागू की जाए।

### अवंतीबाई कॉलेज में 11 तक जमा होंगे प्रवेश के आवेदन

**बरेली, अमृत विचार:** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में स्नातक में प्रवेश के लिए छात्राएं 11 जुलाई तक आवेदन कार्यालय में जमा कर सकती हैं। मीडिया प्रभारी की ओर से बताया गया कि जिन छात्राओं ने महाविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन किया है लेकिन महाविद्यालय में फार्म जमा नहीं किया है, उन्हें प्रवेश आवेदन की प्रति, विश्वविद्यालय पंजीकरण फार्म, और अन्य दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे। प्रो. संध्या सक्सेना ने बताया कि अब तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 650 से अधिक छात्राओं ने महाविद्यालय में स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन किया है लेकिन अब तक दो सौ छात्राओं के फार्म जमा नहीं हुए हैं।

### बरेली कॉलेज में आज बांटे जाएंगे टैबलेट

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सत्र 2022-23 के एमएड, एमलिब अंतिम वर्ष और एमए, एमएससी और एमकॉम के छूटे हुए चयनित छात्रों के टैबलेट 9 जुलाई को वितरित किए जाएंगे। संयोजक प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया कि डीजी शक्ति योजना के तहत इन छात्रों के टैबलेट शासन से मिल गए हैं।

### पशुओं में एक टीके से खत्म होगा हेपेटाइटिस, पार्वो और डिस्टम्पर

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का कैड्रेड विभाग पशुओं में हेपेटाइटिस, पार्वो और डिस्टम्पर जैसी गंभीर बीमारियों का एक ही टीके से निवारण के लिए अध्ययन कर रहा है। कैड्रेड के संयुक्त निदेशक डॉ. केपी सिंह के अनुसार हेपेटाइटिस गंभीर बीमारी है, जो पशुओं के लिवर को प्रभावित करती है।अध्ययन का एक हिस्सा हेपेटाइटिस वायरस के प्रभाव को कम करने के तरीकों पर केंद्रित है। पार्वो वायरस कुत्तों के लिए घातक है। यह बीमारी तेजी से फैलती है और इसके कारण मृत्यु दर भी बहुत अधिक होती है। डिस्टम्पर एक वायरस जनित बीमारी है, जो पशुओं के श्वसन, पाचन और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। इस बीमारी का कोई पूर्ण उपचार नहीं है, इसकी रोकथाम के लिए टीका विकसित करना आवश्यक है। इसमें डॉ. विशाल, डॉ. केके रजक, डॉ. गौरव शर्मा आदि वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं। तीनों टीके के प्रमुख तत्व एक ही वैक्सीन में तैयार किए जाएंगे। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त का कहना है कि यदि यह टीका सफल हो जाता है तो पशुओं में हेपेटाइटिस, पार्वो और डिस्टम्पर जैसी बीमारियों की रोकथाम में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अध्ययन का लक्ष्य जल्द प्रभावी और व्यापक टीका विकसित करना है।

# एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के केंद्रों में संशोधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **छात्रों को दोबारा डाउनलोड करने होंगे प्रवेश पत्र, 11 को होगी परीक्षा**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलएम, एलएलबी और एमएड प्रवेश परीक्षा के केंद्रों में संशोधन किया है। कई छात्रों के परीक्षा केंद्रों में बदलाव किया गया है। ऐसे में छात्रों को फिर से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने होंगे नहीं तो उन्हें परीक्षा के दौरान परेशानी हो सकती है।

प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को दो पालियों में होगी। तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए करीब 31 सौ छात्रों ने पंजीकरण कराया है। 5 जुलाई को विश्वविद्यालय ने प्रवेश पत्र जारी किए थे लेकिन सोमवार को संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन 18 मई से 17 जून तक किए गए थे। इसके बाद 26 जून को 27 और 28 जून दो दिन आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया था। इस दौरान करीब सात सौ से आठ सौ आवेदन बढ़ गए। इसी वजह से परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में कुछ दिक्कत हुई है। कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक अपरिहार्य कारणों से पहले से जारी प्रवेश पत्रों के परीक्षा केंद्रों में संशोधन किया गया है।

ऐसे में अभ्यर्थी वेबसाइट से संशोधित प्रवेश पत्र जरूर डाउनलोड कर लें ताकि उन्हें परीक्षा के दिन कोई परेशानी न हो। एलएलबी और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को सुबह 9 से 10:30 बजे और एमएड की प्रवेश परीक्षा दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर, बरेली कॉलेज, केजीके कॉलेज और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद में अलग-अलग केंद्र बनाए गए हैं।

# एमएसएमई सेक्टर : ज्यादातर उद्यमी चाहते हैं 45 दिन में भुगतान का नियम न हटे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **इस मुद्दे पर उद्यमियों की अलग-अलग राय**
- **नियम हटाने को वित्तमंत्री को भेजा गया है ज्ञापन**

**अमृत विचार :** आयकर अधिनियम की धारा 43 बी(एच) लागू होने पर कंपनियों को एमएसएमई विक्रेताओं को 45 दिनों के भीतर भुगतान करना होता है। यह नियम पिछले साल अप्रैल से लागू है। तय समय तक भुगतान नहीं किया जाता है तो खरीदे गए माल पर खरीदार को टैक्स का भुगतान करना होगा। इस नियम को लेकर बरेली के उद्यमियों की राय अलग- अलग है। हालांकि, अधिकांश उद्यमी चाहते हैं कि भुगतान का यह नियम नहीं हटे।

उद्यमी राजेन्द्र गुप्ता बताते हैं कि व्यापारी आपस में अपने हिसाब से लेन देन करता है। उसे 45 दिन में भुगतान के लिए बाध्य करना ठीक नहीं है। कहा कि उन्होंने आयकर की धारा 43 बी एच को रद करने के लिए वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजा है। उम्मीद है कि बजट में वह इस नियम को हटाकर व्यापारियों को राहत देंगी। आईआईए के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल के अनुसार कपड़ा और हैंडीक्राफ्ट को छोड़कर सभी सेक्टरों के लिए यह बेहतर योजना है। छोटे उद्यमियों का रुपया फंस जाएगा तो वह कारोबार कैसे करेगा। वह आगे कैसे बढ़ेगा। इसलिए इस नियम का हटना ठीक नहीं है। परसाखेड़ा के उद्यमी मनोज पंजाबी का कहना है कि यह धारा एमएसएमई के लिए फायदेमंद है। कम पूंजी वाले के लिए टर्नओवर बनाए रखने के लिए यह धारा लागू की गई थी। पैसा फंसेगा तो एमएसएमई सेक्टर का उद्यमी पनप ही नहीं पाएगा। लघु उद्योग भारती बृज संभाग के अध्यक्ष एसके सिंह बताते हैं कि 45 दिन में सूक्ष्म एवं माइक्रो सेक्टर का उद्यमी माल बेचता है तो वह उम्मीद करता है कि 45 में पेमेंट मिल जाएगा। छोटे उद्यमियों के लिए यह बेहतर नियम है। इसे नहीं हटना चाहिए।

### तीन गुना टैक्स को कम करके सरकार ने प्रदेश के लाखों उद्यमियों को दी राहत

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से लघु उद्योग परिसर के लिए जा रहे तीन गुना टैक्स से सरकार ने राहत दी है। अब सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को अपने परिसर का तीन गुना टैक्स नहीं देकर गृहकर के समान टैक्स देना होगा। इससे प्रदेश के लाखों उद्यमियों को लाभ पहुंचेगा है।

लघु उद्योग भारती के बृज संभाग अध्यक्ष एसके सिंह के अनुसार लघु उद्योग भारती के निरंतर प्रयासों से वर्षों से लंबित मांग को सरकार ने मान लिया है। अब लघु और सूक्ष्म उद्योगों पर गृह कर की दर सामान्य आवासीय मकान के बराबर करने से उद्यमियों को राहत मिलेगी। लघु उद्योग भारती बरेली इकाई के अध्यक्ष उन्मुक्त सम्भव शील ने कहा कि यह संगठन के प्रयासों का ही नतीजा है कि अब सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की इकाइयों का कर आवासीय कर के बराबर ही तय करने का निर्णय लिया गया है। सरकार के इस फैसले से जिले की 90 फीसदी उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

**मोहर्रम** | अजादारी की शुरुआत हुई, महिलाओं ने भी इमामबाड़ों में मजलिस मातम किया

# हुसैनी नारों के साथ शिया समुदाय में मजलिसों का दौर शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मोहर्रम का महीना शुरू होने के साथ शिया समुदाय में सोमवार से अजादारी और मजलिसों का दौर शुरू हो गया। इमाम हुसैन की याद में अलग-अलग इमामबाड़ों में पुरुषों और महिलाओं की मजलिसों का आयोजन हुआ। वहीं, सुन्नी समुदाय की ओर से जगह-जगह तख्त और ताजिए सजाए गए।

इमाम हुसैन और उनके साथ कर्बला में शहीद होने वालों का गम मनाया गया। मोहर्रम की पहली मजलिस इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में सुबह नौ बजे से शुरू हुई। इसके बाद गढ़ैया स्थित इमामबाड़ा हकीम आगा साहब, इमामबाड़ा वसी हैदर, इमामबाड़ा महबूब हुसैन, इमामबाड़ा छिद्धि मुहम्मद कंघी टोला, दीवानखाना छीपी टोला, इमामबाड़ा कबीर हसन में मजलिस हुई।

रात्रि मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में हुई। वहीं, इमामबाड़ा गुलाम हैदर आब्दी में हसनैन रजा आब्दी की ओर से कार्यक्रम हुआ। अली कॉलोनी लीचीबाग में शाहनवाज हुसैन काजमी के नेतृत्व में शब्बेदारी हुई। ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि इन सभी दिन और रात्रि मजलिसों को मौलाना शम्सुल हसन खां, सैयद जैनुल हसन जैदी, गुलाम असकरी, महबूब हुसैन आदि ने खिताब किया। महिलाओं ने भी सभी इमामबाड़ों में मजलिस मातम किया।



मोहल्ला गढ़ैया स्थित इमामबाड़े में नौहा और मर्सिया पढ़ते लोग।



जोगी नवादा स्थित इमामबाड़े में रखा तख्त।

### अंजुमनों ने की नौहाख्वानी

मरहूम एजाज अब्बास नकवी के अजाखाना कंघीटोला में गुलदस्ता-ए-हैदरी ने नौहख्वानी की। इमामबाड़ा महमूद हसन नकवी इंग्लिशगंज, इमामबाड़ा डॉ. असद जैदी किला कठघर में भी नौहख्वानी हुई। जफर अब्बास रिजवी के अजाखाने में मजलिस हुई और फिर अंजुमन शमशीर-ए-हैदरी, अंजुमन गुलदस्ता ए हैदरी, अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी, परचम-ए-अब्बास, परचम-ए-हुसैन आदि अंजुमनों ने नौहख्वानी की। जमन रिजवी, अली आलिम जैदी, नसीम हसन खां, रफत बिजनौरी शामिल रहे।

### कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष-सचिव को पद से हटाने का दावा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की कर्मचारी कल्याण सेवा समिति की सोमवार को गंगा प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में कर्मचारियों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष और सचिव को तत्काल पद से हटाने का दावा किया गया। बैठक में कहा गया कि अब जब तक दोबारा चुनाव नहीं हो जाता तब तक कोई सचिव और अध्यक्ष नहीं रहेगा। चुनाव की तारीख 11 जुलाई को तय की जाएगी। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति अग्रिम चुनाव तक भंग की जाती है। समिति का कार्यकाल दो साल का होता है जो 22 मई को समाप्त हो गया है। बैठक में जसवीर, तेजपाल, मदन लाल, राम अवतार, आजम, बच्ची देवी, गायत्री देवी, ज्ञानपाल, सुनील कुमार, राजीव, रणजीत सिंह, वीर कुमार, रघुनाथ मिश्रा, रामकुमार कन्नौजिया रहे। इस मामले में जितेंद्र मिश्रा का कहना है कि पद से इस तरह से नहीं हटाया जा सकता है। यदि वे लोग जो हमसे असहमत हैं, तो अलग संगठन बना लें। यदि संगठन में रहना है तो अनुशासन पालन करना होगा।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


## शिकायतों की पत्रावली दबाने के मामले में बाबू के निलंबन का आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों से जुड़ी शिकायतों की पत्रावली दबाने के मामले में डीपीआरओ कार्यालय में तैनात एक बाबू फंस गया है। सीडीओ ने डीपीआरओ को पत्र लिखकर कनिष्ठ सहायक दीपक सक्सेना को निलंबित करने का आदेश दिया है।

आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत राजूपुर के कदीर अहमद, अजय प्रताप, ऊषा देवी, कमलेश कुमारी, जहीर अहमद ने गांव के प्रधान ओमपाल की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। डीएम ने मामले की जांच के लिए दो सितंबर को जांच कमेटी का गठन किया था। उसके बाद जांच कमेटी ने 21 अक्टूबर को जांच रिपोर्ट सौंप दी, लेकिन कनिष्ठ सहायक दीपक सक्सेना ने आठ माह बाद भी रिपोर्ट को आगे नहीं बढ़ाया।

मामले में सीडीओ जग प्रवेश की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इससे पहले भी कनिष्ठ सहायक की ओर से शिकायतों की पत्रावलियों को लंबित रखने के मामले सामने आ चुके थे। इससे फरियादियों की समस्या का समय से समाधान नहीं हो पाने से विभाग की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने डीपीआरओ को संबंधित कनिष्ठ सहायक को निलंबित के निर्देश दिए हैं।

# झूठ बोलकर बने आंवला थाना प्रभारी नौ घंटे में ही निलंबित

## प्रवीण कुमार ने बोर्ड के सामने पेश किया था फर्जी सर्विस रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक प्रवीण कुमार को सोमवार को आंवला थाना प्रभारी बनाया गया लेकिन बोर्ड के सामने झूठा सर्विस रिकार्ड पेश करने का मामला खुलने पर नौ घंटे में ही निलंबित कर दिया गया। जनसुनवाई और जमीन विवाद में लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आंवला और हाफिजगंज थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर आंवला में प्रवीण को भेजा था। भोजीपुरा थाना प्रभारी जगत सिंह को हाफिजगंज का प्रभारी और साइबर सेल से दरोगा रामरतन को भोजीपुरा का थाना प्रभारी बनाया गया है।

आंवला थाना क्षेत्र की कई शिकायतें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य तक पहुंची थीं। उन्होंने जांच कराई तो पाया कि थाना प्रभारी वीरेश कुमार जनसमस्याओं के निस्तारण में लगातार ढिलाई बरत रहे हैं और जमीन संबंधी विवाद में चौकी प्रभारी समेत अधीनस्थों पर प्रभावी पर्यवेक्षण और नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं। इसके अलावा हाफिजगंज थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह भी जन सुनवाई डेस्क का सही से संचालन और अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं कर पा रहे थे। उनके क्षेत्र की अधिक शिकायतें पहुंच रही थीं। इसकी वजह से दोनों थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक 7 जुलाई को गोष्ठी और साक्षात्कार के बाद बोर्ड के निर्णय पर प्रवीण कुमार को आंवला थाना प्रभारी बनाया। प्रवीण ने दोपहर करीब 3:30 बजे थाने में कार्यभार ग्रहण किया लेकिन इसी बीच पता चला उन्होंने बोर्ड के सामने पिछले सर्विस रिकार्ड की झूठी जानकारी दी है। इसकी वजह से उन्हें रात 12:30 बजे निलंबित कर दिया गया।

### 65 संबद्ध पुलिसकर्मी ने मूल नियुक्ति पर संभाला कार्यभार

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में संबद्ध 65 पुलिसकर्मियों ने सोमवार को अपनी मूल नियुक्ति पर पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश के बाद रविवार को भी कई पुलिसकर्मी पुलिस अफसरों के कार्यालयों का चक्कर काटते रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रविवार शाम छह बजे तक सभी को मूल नियुक्ति पर जाने का आदेश दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि 65 संबद्ध पुलिस कर्मियों को उनके मूल नियुक्ति वाले स्थान पर भेज दिया गया है। जो भी पुलिस कर्मी अच्छा काम कर रहा होगा और उसके प्रभारी लिखित में देंगे तो उसकी नियुक्ति उसी स्थान पर कर दी जाएगी लेकिन तैनाती कहीं और काम कहीं और करें ऐसा नहीं होगा।

### टॉप टेन अपराधियों की सूची तैयार करने के भी आदेश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थानों पर अपराधियों की टॉप टेन सूची तैयार करने का आदेश दिया था। वह थानों पर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। जिस भी थाना प्रभारी की तरफ से उनके आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। उस पर कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने माफिया के लिए एक अलग सेल भी बना दी है, जो अपराधियों के जेल से निकलने के बाद भी निगरानी करेगी।



"फरियादियों की सुनवाई न करने, जमीन विवाद में लगातार लापरवाही और अधीनस्थों पर प्रभावी नियंत्रण न रख पाने पर आंवला और हाफिजगंज थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
-अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार संभालते ही जिले के सभी 29 थानों में 72 घंटे में जनसुनवाई अधिकारी तैनात करने के आदेश दिए थे।

# शाही में 52 और जगहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### महिलाओं की हत्या

- पिछले वर्ष कई महिलाओं की हत्या के बाद लगाए गए थे 609 कैमरे
- दरोगा और ग्राम प्रधानों ने मिलकर संदिग्ध स्थानों को किया है चिह्नित

**अमृत विचार :** शाही क्षेत्र में महिलाओं की हो रही सिलसिलेवार हत्याओं को रोकने के लिए पुलिस ने एक बार फिर से 52 संदिग्ध स्थानों को चिह्नित किया है। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पिछले साल भी कई महिलाओं की हत्या के बाद पुलिस ने लोगों के सहयोग से 609 सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे।

शाही के गांव हौसपुर निवासी अनीता देवी (45) की मंगलवार शाम गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। अनीता का शव शाही-शेरगढ़ मार्ग पर बुझिया नहर के पास गन्ने के खेत में मिला था। मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इस मामले को इससे पहले शाही-शीशगढ़ क्षेत्र में हुईं नौ महिलाओं की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा खुद आईजी डॉ. राकेश सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मानुष पारीक के आदेश पर शाही थाना प्रभारी, दरोगा समेत ग्राम प्रधानों ने सड़कों से लेकर गलियों को जोड़ने वाले 52 संदिग्ध स्थानों को चिह्नित किया है। जिसमें से छह सीसीटीवी कैमरे लगा भी दिए गए। पुलिस लोगों को अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए जागरूक कर रही है। पुलिस के अनुसार जिन संदिग्ध स्थानों को चिह्नित किया गया है, वह मुख्य मार्गों से गांव में जाने वाली रास्तों और सुनसान इलाके हैं।

### मंदिर से टुकटुक पर बैठकर निकलीं अनीता

वहीं पुलिस नीता देवी हत्या वाले दिन किस रास्ते से गई थीं, उस रास्ते में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी लगातार खंगाल रही है। अब तक अनीता रोड किनारे ज्वालापुर गांव के एक मंदिर में जाती दिखाई दे रही हैं। उसके बाद वह टुकटुक से बैठ कर निकलती हैं। पुलिस ने उनके पीछे जाने वाले तीन लोगों को चिह्नित भी किया है। जिनका पता लगाया जा रहा है।

"शाही थाना क्षेत्र में 52 संदिग्ध स्थानों को चिह्नित किया गया है। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है।
-मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

## स्टोर से सामान लेने की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें अवर अभियंता

**बरेली, अमृत विचार :** विद्युत निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने सोमवार को ऑनलाइन बैठक में निर्देश दिए कि अवर अभियंता स्टोर से जो भी सामान लें वह उसकी जानकारी पोर्टल पर समय से अपलोड कर दें। कई अवर अभियंता की रिपोर्ट लंबित होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एस्टीमेट बनने के बाद समय से काम पूरा कराकर इसकी भी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बारिश के मौसम में बिजली के पोल टूटने के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। अवर अभियंता लगातार नजर बनाकर बिजली आपूर्ति को बहाल रखें।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# वेंटिलेटरों पर पानी टपकता देख आंवला सांसद बोले- सपा ने बनाया अस्पताल, इसलिए ये दुर्गत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



तीन सौ बेड अस्पताल में निरीक्षण करते आंवला सांसद नीरज कुमार। • अमृत विचार

- अचानक तीन सौ बेड अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे नीरज मौर्य
- आईसीयू में छत से टपकता मिला पानी, परिसर में भी था जलभराव

**अमृत विचार :** आंवला सांसद नीरज मौर्य सोमवार को अचानक तीन सौ बेड अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे तो उसका हाल बेहाल मिला। परिसर में तो पानी भरा ही हुआ था, आईसीयू में भी छत से टपक रहा पानी वेंटिलेटरों पर गिर रहा था। अस्पताल की हालत देखकर सांसद ने कहा कि ये अस्पताल सपा ने बनवाया था, इसीलिए उसे जनता के लिए चलाने के बजाय सरकार उसकी दुर्गत कर रही है।

नीरज मौर्य सोमवार करीब साढ़े 12 बजे कई सपा नेताओं के तीन सौ बेड अस्पताल पहुंचे। ओपीडी के कमरा नंबर एक में डॉक्टर को बिना एप्रन पहने देखा तो उनसे कहा, आप तो डॉक्टर ही नहीं लग रहे हैं। ओपीडी में मरीजों ने कई समस्याएं बताईं। सांसद ने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को फोन करके व्यवस्था में सुधार करने को कहा। अस्पताल के पीकू, आईसीयू और इमरजेंसी समेत पांच-छह वार्डों में छत से पानी टपक रहा था, जिसकी वजह से फर्श पर भी पानी भरा हुआ था। कोविड काल में आए करोड़ों के वेंटिलेटरों पर भी पानी टपक रहा था। सांसद ने यह देखकर नाराजगी जताई। कहा, इस बेपरवाही से तो वेंटिलेटर खराब हो जाएंगे।

निरीक्षण के बाद नीरज मौर्य ने कहा कि तीन सौ बेड अस्पताल सपा सरकार ने बनवाया था, इसलिए भाजपा सरकार उसे ठीक से नहीं चला रही है। किसी सरकार की ऐसी मंशा नहीं होनी चाहिए। यह अस्पताल सुपर स्पेशियलिटी की तरह चलाया जाए तो मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो कमियां मिली हैं, वह उन्हें सदन में रखेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखेंगे। उनके साथ सपा के प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला, नरेश मौर्य, राजेश मौर्य, सत्येंद्र श्रीवास्तव, बृजेश सविता, मोहित भारद्वाज और आलोक मिश्रा भी थे।

### ठेका कर्मियों ने सांसद से की सेवा विस्तार करने की मांग

कोविड काल में नर्सिंग, पैरामेडिकल समेत कई कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग पर तैनाती की गई थी। कोविड खत्म होने के बाद उन्हें ओपीडी चलाने के लिए सेवा विस्तार भी दिया गया लेकिन अब 30 जून को ठेका खत्म हो गया है। सेवा विस्तार संबंधी कोई नया आदेश भी नहीं आया है। इन कर्मचारियों ने सांसद से सेवा विस्तार कराने की मांग की।

## इंतजार करते रहे अफसर, बैठक लेने नहीं आए राज्यमंत्री

- बरेली से सीधे शाहजहांपुर निकल गए, सूचना भी नहीं दी अफसरों को

**बरेली, अमृत विचार :** औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी तय कार्यक्रम के तहत सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक करने नहीं पहुंचे। सर्किट हाउस में अधिकारी इंतजार करते रहे। उन्हें बैठक रद्द किए जाने की सूचना भी नहीं दी गई।

सर्किट हाउस में दोपहर 1 बजे औद्योगिक विकास राज्यमंत्री की विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके बाद उन्हें अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण भी करना था। विभागीय अधिकारी बैठक की तैयारी करके समय पर सर्किट हाउस पहुंच गए लेकिन ढाई बजे तक इंतजार के बाद भी मंत्री नहीं पहुंचे, न कोई सूचना मिली। बाद में पता चला कि मंत्री बैठक करने आने के बजाय सीधे शाहजहांपुर चले गए हैं। यूपीसीडा के अधिकारियों के मुताबिक मंत्री लेट हो गए थे। इसलिए बैठक में नहीं आ सके।

### तीन सौ बेड अस्पताल में नहीं मिलेगा ईएनटी का परामर्श

**बरेली, अमृत विचार:** तीन सौ बेड अस्पताल में अब मरीजों को ईएनटी यानी नाक, कान और गला रोग संबंधी इलाज नहीं मिल सकेगा। अस्पताल में तैनात वरिष्ठ नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र का स्थानांतरण अमरोहा हो गया है। वह शनिवार को ही अस्पताल से कार्य मुक्त हो गए। इसकी वजह से अब मरीजों को जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ेगी। अस्पताल में पहले से ही डॉक्टरों के कई पद रिक्त हैं और लंबे समय से किसी विशेषज्ञ की तैनाती भी नहीं हुई है।

### सिटी बस में बिना टिकट यात्रा करते आठ पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** सिटी बस में बिना टिकट यात्रा कर रहे आठ लोगों को प्रवर्तन दल ने पकड़ लिया। सभी से 4050 रुपये जुर्माना वसूला गया है। सोमवार सुबह 8:30 बजे सिटी बस यूपी 25 ईटी-4773 महेशपुरा से आंवला के मनोना धाम जा रही थी। इसमें चालक नरेंद्र पाल सिंह और परिचालक अभय सक्सेना थे। चेकिंग दल राजेश शर्मा और सलमान खान ने रास्ते में बस की चेकिंग की। इस दौरान बस में 29 यात्री मिले। इनमें आठ बिना टिकट सफर कर रहे थे। सिटी बस की आपरेशन मैनेजर मनीषा दीक्षित ने बताया कि बिना टिकट यात्रा कराने की अनियमितता मिलने पर रिपोर्ट अफसरों को भेजी गई है।

# स्काईवॉक से कारोबार होगा कम तो रोजगार भी घटेगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- व्यापारी बोले, सिविल लाइंस क्षेत्र में घट गया 30 से 40 फीसदी कारोबार

**अमृत विचार :** शहर में स्काईवॉक शुरू होने से रोजगार कम होने की आंशका व्यापारी जता रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इससे सिविल लाइंस क्षेत्र के बाजार में 30 से 40 फीसदी कारोबार कम हो जाएगा। कारोबार कम होने पर दुकानों से कर्मचारी भी हटाने पड़ेंगे।

क्षेत्र के व्यापारियों ने शुरुआत में इसके निर्माण का विरोध किया था लेकिन उनकी एक नहीं चली। व्यापारियों का कहना है कि किसी भी क्षेत्र के विकास से आसपास की चीजों का भी विकास होता है लेकिन सिविल लाइंस में स्काईवॉक बनने से इससे दुकानें प्रभावित हुईं हैं और कारोबार कम हो गया है। भविष्य में दुकानों से सैकड़ों लोगों को मिला रोजगार भी कम हो सकता है, क्योंकि जब कारोबार नहीं चलेगा तो दुकानदार कर्मचारियों को कहां से वेतन दे पाएंगे।

दुकानदारों का कहना है कि स्काईवॉक अब नशेबाजों का अड्डा बनता जा रहा है। पास में ही दो-दो शराब की दुकानें है। लोग रात में स्काईवॉक की रैलिंग और स्लैब पर बैठकर शराब पीते हैं और लघुशंका भी करते हैं। स्काईवॉक की लिफ्ट लगाई गई है। बैंक के पास लिफ्ट लगने से यहां की दुकानों का कारोबार प्रभावित हुआ। फ्रिज की दुकान से बड़े फ्रिज बाहर निकालने में भी दिक्कत हो रही है। दुकानदारों ने बताया कि पहले बैंक के पास लिफ्ट लग रही थी। व्यापारियों ने इसका विरोध किया तो बैंक को बचाते हुए लिफ्ट आगे लगा दी लेकिन इससे दो दुकानें प्रभावित हो गई हैं।



दुकान के सामने लिफ्ट लगाने का विरोध किया था। जब लिफ्ट चालू होगी तो दुकान के आगे ही भीड़ लगी रहेगी और ग्राहक नहीं आ पाएगा। दुकान के सामने और लिफ्ट के पास खाली जगह में लोग लघुशंका कर रहे हैं। -अजय कुमार



दुकान के एक तरफ बैंक की गाड़ियां खड़ी होती हैं और दूसरी तरफ लिफ्ट का आधा हिस्सा है। फ्रिज बेचने का कारोबार है। सब तरफ वाहन खड़े होते हैं। अब ग्राहक कहां से आएंगे। कारोबारियों को दिक्कत हो रही है। -हरमीत सिंह ओबराय



जनता के धन का दुरुपयोग हो रहा है। टैक्स देने के बाद भी व्यापारियों के कारोबार विस्तार की बात नहीं सोची गई। स्काईवॉक ने भविष्य में सिविल लाइंस में सड़क चौड़ीकरण की संभावनाओं को खत्म कर दिया। - विश्वास अग्रवाल



स्काईवॉक बनने से होटल बंद हो गया है। यह स्काईवॉक कम रेलवे का फुट ओवर ब्रिज ज्यादा लगता है। यह जनता के पैसे की बर्बादी है। इसके निर्माण का औचित्य न तो समझ में आया है और न किसी ने समझाने का प्रयास किया। -धीरेंद्र सिंह धीरू

## एक नजर

### भोजीपुरा में कच्चा मकान गिरने से पिता-पुत्र दबे

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** बारिश से भोजीपुरा के गांव खजुआ जागीर में कच्चा मकान गिर गया। मकान मालिक भूरे बख्श और उनका पुत्र मोहम्मद आसिम उसके मलबे में दब गए। आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकालकर इलाज के लिए ले गए। जिसकी सूचना राजस्व विभाग को दी गई।

### एसडीएम से पुलिया बनवाने की मांग

**दुनका, अमृत विचार :** दुनका के बसई गांव निवासी प्यारेलाल ने एसडीएम से शिकायत कर बताया कि हमारे मोहल्ले वालों का रास्ता बंद है। दो मीटर चौड़ा नाला बना हुआ है, इस पर पुलिया बनवाया जाए ताकि लोगों की समस्या दूर हो सके। एसडीएम ने वहां जाकर निरीक्षण करके प्रधान को निर्देश दिया कि यहां पर पुलिया का निर्माण करा दीजिए।

### पानी की निकासी न होने से खेतों में भरा पानी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** पानी का निकास बंद करने से सैकड़ों बीघा जमीन पानी में डूब गई। सोमवार को ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम मीरगंज ने राजस्व टीम और पुलिस को जल निकासी दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। ग्रामीणों का आरोप है सड़क किनारे जल निकासी के लिए बने नाला को जमीन मालिक ने जोत लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने कानून गो और पुलिस को समस्या का निदान करने के निर्देश दिए है।

### सड़क बनवाने के लिए सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

**कैंट, अमृत विचार :** नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां स्थित मनपुरिया रोड से नरियावल को जाने वाली सेक्टर रोड तीन साल से जर्जर है। नगर पंचायत के आठ सभासदों के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार देर रात मुलाकात करके बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा को सेक्टर रोड के बारे में अवगत कराया है। सभासदों ने विधायक को लिखित ज्ञापन सौंप कर सेक्टर रोड पुन: बनवाने की मांग की है। विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा ने सभासदों को शीघ्र ही सेक्टर रोड का कायाकल्प कराने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में सभासद शोएब खान, सालिम खान, हाजी ताहिर अली खान, इसराइल खान, बिलाल खान, रफाकत खान, अख्तर खान, फुरकान खान, असगर अली आदि मौजूद रहे।

# भारी बारिश से नदियां उफनी, खतरे में घिरे आसपास के गांव

## नालों की सफाई नहीं होने से घरों और खेतों में भरा पानी, किसानों को सताने लगी गन्ने की फसल को नुकसान की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मानसून की शुरुआत में ही भारी बारिश से जिले के अधिकांश क्षेत्र में जलभराव की समस्या हो गई। नालों की सफाई नहीं होने से घरों से लेकर खेतों तक पानी भर गया। सड़कों पर पानी भरने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**नवाबगंज एसडीएम ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा:** बारिश से कस्बे से सटकर बह रही कैलाश नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। पानी बस्तियों में घुस आया है, जिससे कुरैश नगर और नाला पार नई बस्ती के कई परिवार अन्यत्र रातें गुजारने पर विवश हो गए हैं। वहीं ग्रामीण इलाके में भी जल भराव की स्थिति बनी हुई है, लाईखेड़ा में बनी गोशाला में जल भराव होने के कारण गोवंशों को प्राथमिक विद्यालय में पहुंचाना पड़ा है तो चीनी मिल रोड पर भी जल भराव हो गया है जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

देवहा नदी में जल स्तर खतरे के निशान से बढ़ जाने के कारण पूर्वी क्षेत्र के देवहा किनारे बसे ग्रामों में भी पानी घुस आया है। एसडीएम मतलिका नैन ने भी रविवार को इन गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेकर ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

### किच्छा नदी का रौद्र रूप



**शेरगढ़ :** किच्छा नदी में बढ़े जलस्तर से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। नगरिया कलां गांव में चौधरी तान सिंह एवं हरीपाल श्रीवास्तव की दीवार ढह गई। किसानों की धान की फसल डूबी। वहीं गन्ने की फसल एवं पशुओं का चारा भी बाढ़ की चपेट में आया।

### पुलिया बंद होने से खेतों में भर रहा गांवों का पानी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र के अधिकांश गांवों में खेत खलियान के पानी के निकास को बनी पुलिया हो या फिर बरेली पीलीभीत हाईवे पर बनी पुलिया। कमोवेश अधिकांश पुलिया को भू स्वामियों ने बंद कर रखा है। जानकारी के बाद भी विभागीय अधिकारी मौन साधे बैठे रहे। कई दनों से हो रही बारिश का पानी बंद पड़ी पुलियों की वजह से खेतों और गलियों में भर रहा है। हरदुआ व विशेषरपुर के ग्रामीणों ने एसडीएम मल्लिका नैन को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि खेतों में पानी भरे होने के चलते हाल ही मे लगाई गई धान की पौध तो जलमग्न हो गई है साथ ही गन्ने की फसल भी जलमग्न होने के कगार पर है जिससे किसानों को खासा नुकसान होगा। पानी निकास को बनी पुलियों के बंद होने के चलते खेतों मे भरा पानी अब गांव की ओर रूख करने लगा है। एसडीएम नैन ने पीडब्लूडी के अधिकारियों से बंद पड़ी पुलियों को साफ कराने को कहा है।

### फरीदपुर: पंप सेट लगाकर निकलवाना पड़ा पानी

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से नालों की तली झाड़ सफाई नहीं कराने बारिश से कस्बे में जगह- जगह जलभराव हो गया, लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया। कई जगह पंपिंग सेट का प्रयोग कर पानी निकालना पड़ा। वहीं दुकानदारों काफी नुकसान उठाना पड़ा। लोगों ने सोशल मीडिया पर मेसेज करके नगर पालिका पर धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। नगर के बीसलपुर रोड पर तालाब खत्म होने के बाद सड़क पर पानी भर गया।

### बारिश से किसान के मकान की दीवार ढही

**भुता, अमृत विचार :** भुता के गांव गुलरिया हजारीलाल में बारिश से किसान के मकान की दीवार गई, गनीमत रही कि उस परिवार के सभी लोग घर से निकल चुके थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। अंचल शर्मा ने बताया कि रविवार रात सभी लोग घर में सो रहे थे, अचानक उनको आहट हुई की दीवारें दरक रही हैं, उन्होंने तुरंत सभी को जगाया, सभी लोग जैसे ही घर से बाहर निकले, उसके बाद पीछे की दीवार के साथ मकान का कुछ हिस्सा गिर गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### फिर बह गया देवरनियां नदी का कच्चा पुल

**भोजीपुरा, संवाददाता :** लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का नतीजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अभयपुर के पास देवरनियां नदी पर दूसरी बार बनाया गया वैकल्पिक कच्चा पुल बह गया। पुल बहने से आवागमन फिर बाधित हो गया। नैनीताल हाईवे से अभयपुर अग्रास मार्ग का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण मई 2024 में हुआ था। रोड का निर्माण तो लगभग पूरा हो गया चुका है, लेकिन अभयपुर के पास देवरनियां नदी के पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने देरी से शुरू कराया। पक्का पुल निर्माणाधीन है, लोक निर्माण विभाग ने देवरनियां नदी पर कच्चा पुल बनाकर लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की थी। देवरनियां नदी के तेज बहाव में कच्चा पुल पांच जुलाई को बह गया था, जिसे फिर से बनाया गया था। रविवार रात में हुई बारिश से नदी में जलस्तर बढ़ने से पुल फिर बह गया, यात्रियों का फिर से आवागमन बाधित हो गया है।



### जेसीबी बुलाकर पानी की निकासी कराई

**दुनका :** बसई गांव में बारिश से पंचायत घर के पास पानी भर गया, तालाब का पानी लोगों के घरों में घुसने लगा। प्रधान सतीश कुमार गंगवार ने जेसीबी बुलाकर नाला खुलवाकर पानी का निकास कराया। बारिश से दुनका स्वास्थ्य केंद्र में पानी भर गया है, जिससे दवा लेने आने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### स्लैब तोड़ने गई जेसीबी के आगे लेटी महिला

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बारिश से महादेवपुरम रोड पर जलभराव हो गया तो स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन से शिकायत की। अधिकारी जेसीबी लेकर नाले के पानी का अवरोध हटाने पहुंचे। कुछ मकान मालिकों ने नाले में सिंगल पाइप डालकर घर का निकास बना लिया है। जेसीबी पाइपों को नाले से हटाने के लिए जैसे ही आगे बढ़ी, एक महिला सामने आकर लेट गई और पाइप टूटने पर जान देने की बात पर अड़ गई। स्थिति नाजुक होते देख अधिकारी पीछे हट गए।

### देवहा नदी उफान पर गांवों में जलभराव

**भदपुर, अमृत विचार :** बारिश से देवहा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे दर्जनों गांव में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। क्योलड़िया बरखेड़ा हाईवे पर दो से तीन फुट पानी भर गया। गांव मार्गपुर मर्गैया और नौगमा भगवंत पुर के प्राइमरी स्कूलों में पानी भर गया। इस वजह से स्कूल बंद करने पड़े, वहीं ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

### गलियों और सड़कों पर भरा पानी

**आंवला, अमृत विचार :** सोमवार सुबह हुई तेज बारिश से आंवला नगर की विभिन्न गलियां और सड़कें जलमग्न हो गई। स्कूल जाने वाले बच्चों समेत राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। नगर की रामलीला गेट से भूमि विकास चौराहा रोड, गंज, पुरैना, महाराजपुरम कालौनी, पक्का कटरा आदि स्थान जल मग्न हो गए। बारिश रुकने के कई घंटे बाद पानी निकल सका।

### राजपुरकलां गांव में गिरी दीवार

**राजपुर कलां, अमृत विचार :** विकास खंड मझगवां के ग्राम राजपुर कलां में बारिश से पम्मी पत्नी उमेश चंद्र के मकान की दीवार गिर गई। इसके साथ ही बारिश से राजपुर कलां में मुख्य बाजार में पानी भर गया। जलभराव से लोगों को काफी परेशानी हो रही हैं।

### पहली बारिश में ही उखड़ा धौराटांडा-अटामांडा मार्ग

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** सीजन की पहली झमाझम बारिश से लगभग 26 करोड़ से तीन माह पहले बना अटामांडा –धौराटांडा रोड जगह– जगह उखड़ गया। 7 किलोमीटर लंबा मार्ग काफी जद्दोजहद के बाद बना था। सड़क बनने पर लोगों ने खुशी जताई थी, लेकिन बारिश के बाद रोड उखड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई दिया। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सामाग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया।

## सफाई के नाम पर खानापूरी, प्रकाश कॉलोनी में स्थिति जस की तस

खबर का असर

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** बारिश से चनेहटी की प्रकाश कॉलोनी में अधिक जलभराव होने से सैकड़ों घरों में पानी भरने से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लालफाटक पुल के पास मुख्य नाला चोक होने की वजह से प्रकाश कॉलोनी में जल भराव की स्थिति बनी हुई है।

एक सप्ताह से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। दूध, सब्जी, राशन, अखबार की किल्लत होने के साथ-साथ घर में लगे हैंडपंपों तथा समर्सिबल पम्पों में भी गंदा पानी आने से पेयजल की किल्लत हो गई है। इस समस्या को अमृत विचार ने सोमवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर को संज्ञान लेकर बीडीओ क्यारा ओम प्रकाश प्रजापति समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण कर जेसीबी से नालों की सफाई कराई। लालफाटक पुल के पास निर्माणाधीन मकान के पटान को आई मिट्टी से बंद हुए मुख्य नाले को भी खुलवाया। इसके बावजूद भी जल भराव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रकाश कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि अगर जिम्मेदारों ने बारिश से पहले नालों की सफाई कराई जाती तो आज यहां जल भराव की स्थिति नहीं होती। बीडीओ क्यारा ओम प्रकाश प्रजापति कहा कहना है कि सोमवार को दो जेसीबी लगाकर लालफाटक से बुखारा की तरफ जाने वाले नाले की सफाई कराई जा रही है। इनमें एक जेसीबी नगर निगम द्वारा भेजी गई थी।



चनेहटी की प्रकाश कॉलोनी में पानी निकासी के लिए सफाई करती जेसीबी।

- चनेहटी की प्रकाश कॉलोनी की में सफाई करने पहुंचे अधिकारी

### फतेहगंज पूर्वी: फरीदपुर से शाहपुर मार्ग पर फैला कीचड़

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश से बहगुल और रामगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा रहा है, जिसके चलते आसपास के गांव के मार्गों पर पानी आ गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। लिंक मार्गों की हालत खराब होने से बाइक सवारों का चलना मुश्किल हो गया। फरीदपुर से शाहपुर बनियान को जाने वाला मार्ग पूरी बंद हो गया है। दरअसल बहगुल नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी सड़क तक आ गया है। पचौमी से शाहपुर बनियान को जाने वाला मार्ग भी अब बंद हो गया है, इस मार्ग पर भी सैदापुर गांव के पास बहगुल नदी का पानी आ गया है। जिसके चलते इस मार्ग पर पड़ने वाले गांव चठिया फैजू, गांगेपुरा, हेमूपुरा, हसनगंज, समेत दर्जनों गांव का रास्ता अवरुद्ध हो गया है।



### रिछा: राइस मिलों में पानी भरने से चावल खराब



**देवरनियां, अमृत विचार :** हफ्ते भर से हो रही बारिश से जन जीवन अस्त- व्यस्त हो गया है, लोगों के घर में पानी भर गया है। किच्छा बैराज से पानी छोड़ जाने से दमखोदा ब्लॉक में बाढ़ की स्थिति बन गई है। रिछा के चावल मिलों समेत सार्वजनिक संस्थाओं से लेकर घरों में पानी भर गया। बारिश से पहले ही निचले स्तरों में पानी भरा पड़ा था, ऊपर से उत्तराखंड से छोड़े गए पानी से स्थिति और भयानक हो गई है। रिछा में सैकड़ों चावल मिल हैं जो पूरे देश में अच्छे चावल की सप्लाई करती हैं। रविवार रात हुई बारिश से चार फुट तक पानी भर गया। मिल मालिकों के अनुसार करोड़ों का चावल पानी से खराब हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाला बंद होने से जलभराव की समस्या ज्यादा हुई। दुकानों में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय सपा नेताओं ने नालों की सफाई कराने की मांग की।

### मीरगंज एसडीएम ने किया गांवों का निरीक्षण

**दुनका, अमृत विचार :** किच्छा नदी के किनारे बसे धरमपुरा और बहगुल नदी के किनारे बसे दुनका का एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने निरीक्षण किया। उनके साथ लेखपाल भी थे। गांव धरमपुरा में नदी किनारे बसे लोगों को हिदायत दी कि पानी का बहाव तेज होने पर सावधानी बरतें। नदी पार करते समय सावधानी बरतें। जब जरूरत हो तभी नदी के पास जाएं। प्रधान शरीफ खां से भी लोगों को जागरूक और उनकी मदद करने को कहा। उत्तराखंड पहाड़ आदि से अधिक मात्रा में पानी आ रहा है। नदी किनारे बसे घरों के लोग रात को अपने घरों में न सोए अपना समान सुरक्षित स्थान पर रख ले। धर्मपुरा गांव के प्रधान शरीफ खान ने बताया लोगों ने पत्थर वाली पिचिंग बनवाने की मांग की थी, लेकिन पिचिंग नहीं बनी।

### बहेड़ी: दुकानों में घुसा बारिश का पानी, नुकसान



**बहेड़ी, अमृत विचार :** बारिश से बहेड़ी में जलभराव की समस्या विकराल हो गई। रविवार को हुई बारिश से नैनीताल रोड सहित मीना बाजार और कई प्रमुख स्थानों पर पानी भर गया। दुकानों में पानी भरने से दुकानदारों का सामान पानी में भीग गया, आवागमन में भी मुश्किल हो रही है। बहेड़ी में लंबे समय से जलभराव की समस्या है, नगर पालिका ने इसके समाधान के लिए कोई उपाय नहीं किया। सोमवार को नैनीताल रोड, मीना बाजार, मोहल्ला गोदाम, शाहजीनगर लाइनपार सहित कस्बे के कई स्थानों पर पानी भर गया। भाजपा नेता राहुल गुप्ता ने व्यापारियों के साथ दौरा कर लोगों की समस्याओं को जाना।

### मीरगंज: पांच साल की गारंटी वाली सड़क कटी



**मीरगंज, अमृत विचार :** सिंधौली चौराहे से सहोड़ा बाया सिहोर होते हुए जाने वाली रोड बारिश की वजह से कटने लगी है। यह रोड प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2022 में बनी थी। यह पांच साल की गारंटी वाली सड़क है। सिधौली पुल के आगे हनुमान मंदिर के पास सड़क कट गई है। यह रोड गांव सैजना ,परचई, मयूड़ी बुजुर्ग, दोद, हल्दीकला ,सिहौर, सहोड़ा से होते हुए शीशगढ़ ,बहेड़ी उत्तराखंड तक जाती है। इस रोड पर आवागमन करने वाले राहगीरों और गांव सिंधौली के ग्रामीणों ने बताया कि अभी अधिक बरसात भी नहीं हुई है और रोड कटने लगी। आरोप है कि ठेकदार ने गुणवत्ता में घटिया सामग्री लगाई और अप्रोच रोड में भरपूर मिट्टी या पत्थर नहीं लगाए जिससे रोड बच जाती। इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जेई जयपाल लोधी ने बताया कि सोमवार सुबह रोड कटने की सूचना मिली थी। ठेकेदार को भेजा है मजदूर लगाकर रोड किनारे हुए गड्ढे को भरा जा रहा है, फिलहाल कोई खतरे वाली बात नहीं है।

## गोशाला में भरा पानी, ट्यूब के सहारे गाय के बछड़ों को निकाला



**फरीदपुर, अमृत विचार :** बारिश से गोशाला में पानी भरने से गायों के जीवन पर संकट आ गया। इतना पानी भर गया कि गायों के बच्चे डूबने लगे। इसकी जानकारी भारतीय गौ क्रांति मंच के सत्यम गौड़ को हुई तो वह तुरंत गांव सिमरा केशवपुर पहुंचकर गोशाला में फंसे 100 से अधिक गोवंशीय पशुओं की वीडियो बनाने लगे। आरोप है कि प्रधान ने उनका मोबाइल छीन लिया और अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। जिसकी सूचना भारतीय गांव क्रांति मंच के लोगों ने स्थानीय प्रशासन को दी। जिस पर उपजिला अधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार प्रभारी निरीक्षक रामसेवक सभी गांव पहुंचे और गोशाला में फंसे पशुओं को लोगों की मदद से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर भिजवाया। वहीं सत्यम गौड़ ने प्रधान के खिलाफ गोवंश अधिनियम के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने कोतवाली में तहरीर दी। इसके साथ ही साथ ही एक्स पर पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की है। गोशाला से निकाले गए सभी पशुओं को पास की राइस मिल में व्यवस्था की गई है, वहीं पर चारे पानी की व्यवस्था की जा रही है।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा लूटा

**भमोरा, अमृत विचार :** तीन लोगों ने चालक को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर ई–रिक्शा लूट लिया, चालक को प्रतापपुर मंदिर के पास बेहोशी की हालत में छोड़ गए। पीड़ित ने तीसरे दिन रिपोर्ट दर्ज कराई। बदायूं बिनावर थाना क्षेत्र के गांव टिटौली निवासी अमित ने बताया कि वह शनिवार को करगैना ई –रिक्शा स्टैंड पर खड़ा था। तीन लोग सरदार नगर ई– रिक्शा बुक कर ले आए। अखा मोड़ पर पहुंचने पर कोल्ड ड्रिंक पीने लगे और मुझे भी पिलाई जिसके बाद मुझे बेहोशी छाने लगी। होश आया तो कोनी प्रतापपुर मंदिर के पास पड़ा था, मेरा ई –रिक्शा गायब था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### शराबी ने महिलाओं से की अभद्रता

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** शराबी ने शादी वाले घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। दरअसल उस समय घर के सभी पुरुष बरात गए थे, घर पर केवल महिलाएं थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले शराबी ने नशे में घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता और मारपीट, जब महिलाओं ने थाने जाने की धमकी दी तो शराबी भाग कर अपने घर से चाकू निकाल लाया शोर–शराबा सुनकर भीड़ इकट्ठी हो गई और किसी तरह शराबी को घर से बाहर निकाल गया। पीड़ित महिला ने सोमवार को ही थाना पहुंचकर शराबी के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दहेज हत्या के आरोप में 55 दिन बाद कब्र से निकलवाया शव

**आंवला, अमृत विचार :** एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। मृतका के भाई ने तीन दिन पहले दहेज हत्या का आरोप लगाकर पति समेत 4 ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के लिए 55 दिन बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एसडीएम नहने राम और मृतका के परिजनों की मौजूदगी में कब्र से शव निकलवाया। मौके पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम मौजूद रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिल्सी बदायूं के गांव बेहटा गुसाई निवासी सलिम ने तीन दिन पहले लिखाई रिपोर्ट में बताया था कि उसकी बहन तबस्सुम की शादी 7 मई 2017 को आंवला के गांव ढिलवारी निवासी आरिफ से हुई थी। बहन के ससुराली दिए गए दहेज से खुश नहीं थे व्यापार करने के नाम पर पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उसकी बहन को प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि 14 मई को बहन के ससुरालियों ने तबस्सुम को फंदे पर लटकाकर मार दिया। सूचना पर उसके परिवार को लोग ढिलवारी गांव पहुंचे तब तक ससुरालियों ने शव दफना दिया। उसने बताया कि अब उसे उसकी बहन का शव फंदे पर लटके होने का वीडियो मिला है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति आरिफ, ससुर मकसूद, सास सहाना, देवर तस्लीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसडीएम आंवला नहने राम बताया कि मजिस्ट्रेट के आदेश पर मृतका के शव को कब्र से निकलवाया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**
आकांक्षा एन्क्लेव,
निकट मुंशी नगर बरेली में
200, 300 या 500 वर्ग मीटर
भूमि की आवश्यकता है।
सेंट जेवियर स्कूल के पीछे, बरेली
संपर्क करें
मो. 7310623798

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सलभ पथिक ने 8 जुलाई 2024 से हिमालयन निर्माण से सेवानिवृत्ति ले ली है, आपके समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद। **संपर्क के लिए- हिमालयन निर्माण 31 कर्मचारी नगर, मिनी बायपास रोड, बरेली-243001**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र कुलदीप को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रामनरेश पुत्र श्री रामानन्द मिश्रा निवासी फतेहपुर मजरा कुचरानी थाना सिढ़पुरा जिला कासगंज।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र अमित गुप्ता को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र नन्हें लाल गुप्ता व सुनीता गुप्ता पत्नी निवासी ऊपर बाजार, मेन मार्केट, वार्ड नं. 5, कस्बा व पोस्ट उसहैत तहसील दातागंज जिला बदायूँ।**

**सूचना**
मैंने अपने बड़े भाई राजेश कुमार सक्सेना पुत्र श्री स्व. जगत नारायण सक्सेना उनकी पत्नी श्रीमती पूनम सक्सेना एवं उनकी पुत्री श्रीमती स्वेता सक्सेना, खुशी सक्सेना, आयुषी सक्सेना उनका पुत्र शोभित सक्सेना दूसरे बड़े भाई राकेश कुमार सक्सेना पुत्र स्व. श्री जगत नारायण सक्सेना उनकी पत्नी रेखा सक्सेना उनकी पुत्री श्रुति सक्सेना, शुभि सक्सेना, सोनल सक्सेना इनके गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। मेरा एवं मेरे परिवार का इनके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है। ये अपने कृत्यों एवं लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। इनके व्यवहार के कारण मेरे व मेरे परिवार में कोई समस्या होती है तो इसके जिम्मेदार ये सभी होंगे। **रजनीश कुमार सक्सेना पुत्र श्री स्व. जगत नारायण सक्सेना निवासी गली नं 6 सैनिक कॉलोनी, संजय नगर रोड, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा अपनी पत्नी रिहाना के नाम से बिजली विभाग में अपनी दुकान स्थित एजाज नगर गौटिया चांद मस्जिद के पास बरेली में कनेक्शन लगाने हेतु मुख्तारे आम द्वारा सहमति दी गई थी जिसको अब मैं कैन्सिल करता हूँ। अब मेरी पत्नी रिहाना या कोई अन्य व्यक्ति मुख्तारे आम का उपयोग नहीं कर सकेगा। **रियासत पुत्र श्री शहादत निवासी एजाज नगर गौटिया पुरानी मस्जिद बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

